दिनांकः 16.04.2024 समय : 08:50 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- प्रदेश में कल शाम थमेगा लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार–12 सीटों के लिए 19 अप्रैल को होगा मतदान।
- चुनाव में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के वास्ते निर्वाचन विभाग और विभिन्न संस्थाओं के पुर ज़ोर प्रयास जारी।
- दुर्गाष्टमी का पर्व प्रदेशभर में श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है–शक्तिपीठों पर विशेष आयोजन।
- आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार कल शाम थम जाएगा। 19 अप्रैल को प्रदेश के 12 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। इससे पहले प्रमुख राजनीतिक दलों सहित अन्य दल और प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी जोर आजमाइश कर रहे हैं। विभिन्न नेताओं के दौरे जारी हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री और भाजपा नेता निर्मला सीतारमण आज जयपुर आएंगी। वे बिरला ऑडिटोरियम में विभिन्न व्यवसायों से जुडे लोगों के सम्मेलन को संबोधित करेंगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज नागौर में सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज अजमेर से पार्टी प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पार्टी के पांच न्याय पत्र और 25 गारंटियों का घर–घर जाकर प्रचार करेंगे।

इससे पहले कल कई वरिष्ठ नेताओं ने अलग–अलग स्थानो पर चुनावी रैलियां कीं। भाजपा नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जयपुर की चारदीवारी में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने जयपुर शहर के मतदाताओं से भाजपा को वोट देने की अपील की। यह रोड शो सांगानेरी गेट से शुरू होकर छोटी चौपड़ पर खत्म हुआ।

इस दौरान श्री शाह के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और जयपुर शहर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी मंजू शर्मा भी मौजूद रहीं। वहीं कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी ने अलवर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया और बांदीकुई में जनसभा की।

प्रदेश में आम चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सवाईमाधोपुर में कल नीमोद गांव में चित्र प्रदर्शनी, संगोष्ठी और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इस दौरान पात्र मतदाताओं को आवश्यक रूप से मतदान करने की शपथ भी दिलाई गयी। भीलवाडा के गुलाबपुरा स्थित महाराणा प्रताप सर्किल पर दीपदान किया गया। साथ ही उपस्थित जन समूह को मतदान की शपथ दिलाई गयी। बाड़मेर जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने कल मतदाता जागरुकता गीत और कुमकुम पत्रिका का विमोचन किया। सीकर में कल शाम अर्द्धसैनिक बल और पुलिस ने फ्लैग मार्च कर भयमुक्त मतदान का संदेश दिया। भरतपुर में विभिन्न संस्थाओं की ओर से मुख्य चौराहे पर आकर्षक रंगोली सजायी गयी। मानसिंह सर्किल से ट्रेफिक चौराहे तक बाइक रैली भी निकाली गयी। कल ही शिक्षक संघ की ओर से प्रभात फेरी निकालकर मतदान करने की अपील की गयी। सीकर जिला निर्वाचन अधिकारी कमर उल जमान चौधरी ने आकाशवाणी

के माध्यम से मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट रूपी आहुति देने की अपील की है।

---

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरुकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140—52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव—ढाणी या मोहल्ले में एक साथ चार—पांच लोगों यानि समूह में भेजे गये संदेशों को भी शामिल करेंगे। आज का संदेश हमें बालोतरा के श्रोता ने भेजा है।

---

चैत्र नवरात्र के तहत आज प्रदेशभर में दुर्गाष्टमी का पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रदेशभर के सभी शक्ति पीठों पर विशेष पूजा और अनुष्ठान किये जा रहे हैं। साथ ही घरों में भी मां दुर्गा की आराधना कर विशेष भोग लगाया जा रहा है। घरों में कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें उपहार भी दिये जा रहे हैं। बांसवाडा में मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में आज सुबह विशेष मंगला आरती की गयी। भीलवाडा में माता मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। जैसलमेर की शक्ति पीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और मंदिरों में हवन और यज्ञ किये जा रहे हैं। सवाईमाधोपुर में चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता मंदिर में विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं। इस मौके पर माता का खास श्रंगार किया गया है। बूंदी में इन्द्रगढ की बिजासन माता मंदिर और हंसा देवी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। करौली में कैलादेवी का मेला परवान पर है। भरतपुर में झील का बाडा स्थित कैला मंदिर में भी लक्खी मेला भर रहा है। यहां श्रद्धालु पवित्र सरोवर काली सिल और रवि कुंड में स्नान कर माता को चुनरी चढा रहे हैं। सीकर में जीण माता का आज मुख्य लक्खी मेला भर रहा है। मेले में देशभर से श्रद्धालु पहुंचे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से —

---

शाहपुरा जिले में रायला के पास भीलवाड़ा—अजमेर नेशनल हाईवे पर कल एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। यह हादसा उस समय हुआ जब एक कार का टायर फट जाने से वह सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गयी। मृतकों में दो चित्तौडगढ़ और एक उदयपुर जिले का निवासी है। वहीं घायल महिला कुल्लु की रहने वाली है।

आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाने वाला ये मैच शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। इससे पहले कल सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 25 रन से हरा दिया। 288 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 262 रन बनाए।

प्रदेश में आज भी विभिन्न स्थानों पर बादल छाये हुए हैं और मौसम सुहावना बना हुआ है। राजधानी जयपुर में सुबह से बादलों की लुकाछिपी चल रही है। बाडमेर और बालोतरा में भी बादलों की आवाजाही बनी हुई है। इस बीच, तापमान में कमी आने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है।